प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 13.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.....................

- प्रदेश का वर्ष 2025–26 का बजट पारित–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने युवाओं के लिए 25 हजार 750 भर्तियों सहित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज से कोटा–बून्दी के चार दिवसीय प्रवास पर–कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे।
- राज्यभर में होली पर्व का उल्लास–देर रात होगा होलिकाओं का दहन।
- राज्य में आज से कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई स्थानों पर बारिश की संभावना।

.....................

प्रदेश का वर्ष 2025–26 का बजट पारित कर दिया गया है। कल विधानसभा में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। इनमें राजस्थान दिवस, भारतीय नववर्ष की शुरूआत पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन मनाए जाने की महत्वपूर्ण घोषणा शामिल है। मुख्यमंत्री ने युवाओं के लिए 25 हजार 750 भर्तियों की घोषणा की। लखपति दीदी, ड्रोन दीदी और महिला सखियों को सम्मानित कर हर ब्लॉक में दस महिलाओं को लेपटॉप दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने पानी, सड़क, औद्योगिक निवेश और रोजगार पर विशेष जोर दिया।

.....................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज से अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बून्दी के चार दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। वे इस दौरान विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में भाग लेंगे। श्री बिरला आज श्रीराधाकृष्ण मंदिर तलवंडी में फागोत्सव और संकीर्तन परिक्रमा में शामिल होंगे। वे गिरधरपुरा स्थित कुंद–कुंद कहान दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य धरसेन जैन महाविद्यालय के "दीक्षांत समारोह" में भी भाग लेंगे। शाम को उनका बाबा खाटू श्याम की भजन संध्या, और एक प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होने का कार्यक्रम है। श्री बिरला कल कैथूनीपोल स्थित पैतृक आवास पर क्षेत्रवासियों के साथ होली का पर्व मनाएंगे। वे एक समाज के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल होंगे।

.....................

शिक्षा मंत्रालय, प्रधानमंत्री की युवा लेखकों का मार्गदर्शन करने वाली योजना पीएम–युवा 3.0 के अंतर्गत लेखकों के लिए अखिल भारतीय प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। यह प्रतियोगिता 10 अप्रैल तक माय जीओवी वेबसाइट पर आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से कुल 50 लेखकों का चयन किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य देश में पढ़ने, लिखने और पुस्तक संस्कृति को बढ़ावा देना है। प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन इस वर्ष अप्रैल में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा।

.....................

प्रदेश में आज होली का पर्व पारम्परिक आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जगह–जगह होलिकाएं सजाई जा रही है। रात को मुहुर्त अनुसार होलिकाओं का दहन किया जायेगा। कल धुलंडी पर लोग एक दूसरे को रंग लगाकर ये पर्व मनायेंगे। विभिन्न स्थानों पर मंदिरों में होली की विशेष झांकियां सजाई गई हैं। राजधानी जयपुर के विभिन्न मंदिरों में आज विशेष कार्यक्रम हो रहे है। पश्चिमी इलाकों में भी होली का उल्लास छाया हुआ है। बाड़मेर में सरहद पर तैनात बीएसएफ के जवानों में भी होली का विशेष उत्साह देखा जा रहा है। वहां सोडियार और सनावडा सहित कई गांवों में गैर नृत्य के आयोजन किये जा रहे हैं।

....................

उधर पाली के जवाई क्षेत्र में विदेशी पर्यटकों के लिए गैर नृत्य विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा। कल धुलंडी के दिन अरावली की पहाडियों पर पलाश के पत्तों से बनाई गई हर्बल गुलाल से होली खेली जायेगी। अजमेर में अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पर्यटन विभाग और नगर परिषद की ओर से आयोजित इस महोत्सव में मेला मैदान पर सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जायेगी।

....................

जैसलमेर में आज महिलाएं माला घोलाई की परम्परा का निर्वाह करेंगी। इस परम्परा के तहत गोबर के कंड़ो से बनी माला को होलिका दहन के साथ जलाया जायेगा। करौली के मदन मोहन जी मंदिर में भी फागोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस बीच मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आज डीग स्थित पूंछरी का लौठा जाने का कार्यक्रम है। वे वहां श्रीनाथ जी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

होली के मद्देनजर प्रदेशभर में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गए हैं। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने प्रदेशवासियों को रंगोत्सव की बधाई देने के साथ ही पुलिस अधिकारियों और जवानों से अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। राजधानी जयपुर में अभय कमांड सेंटर से पूरे शहर की निगरानी रखी जाएगी। ड्रोन कैमरों की मदद से भी स्थिति पर नजर रखी जाएगी। होली के त्यौहार पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें मुस्तैदी के साथ मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। होली पर्व को देखते हुए विशेष ट्रेने भी चलाई जा रही है। आगरा कैंट और असारवा के बीच सप्ताह में तीन दिन स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जायेगा। मुख्य जनंसपर्क निरीक्षक अशोक कुमार चौहान ने बताया कि ये ट्रेन 15 मार्च से 31 मार्च तक चलाई जायेगी। ट्रेन फतेहपुर सीकरी, बयाना, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, केशोरायपाटन, बूंदी, मांडलगढ़, चन्देरिया, मावली, उदयपुर सिटी, जावर, डूंगरपुर और हिम्मतनगर स्टेशनो पर ठहराव करेगी।

....................

प्रदेश में राजधानी जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर मौसम में बदलाव आया है। आज जयपुर में सुबह से बादल छाये हुए है। मौसम विभाग के अनुसार आज से एक कमजोर पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण जयपुर सहित चार संभागों में बारिश की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि विक्षोभ के असर से कल और परसो बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग सहित जैसलमेर–फलोदी क्षेत्र में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने के आसार है।

....................

इस बीच पिछले 24 घंटों में प्रदेश के 22 शहरों का दिन का पारा 35 डिग्री सैल्सियस के पार दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर में 40 दशमलव 6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। वहीं राजधानी जयपुर सहित

फलौदी, कोटा, पाली, प्रतापगढ़, जैसलमेर और बाड़मेर का रात का तापमान 20 डिग्री सैल्सियस से ऊपर रहा।

....................

जयपुर ग्रेटर नगर निगम की ओर से जवाहर कला केन्द्र में 15 से 17 मार्च तक शक्ति वंदन महोत्सव मनाया जायेगा। ये महोत्सव महिलाओं द्वारा महिलाओं को समर्पित होगा। इस कार्यक्रम में ''कैंसर हारेगा भारत जीतेगा'' की तर्ज पर स्वच्छता योद्धाओं की बालिकाओं को निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर का टीका लगाया जाएगा। महिलाओं और बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर भी लगाए जाएंगे।

....................

स्पेसएक्स ने रॉकेट के लॉन्चपैड में आखिरी समय में आई तकनीकी खराबी के कारण अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र—आईएसएस के लिए निर्धारित उड़ान स्थगित कर दी है। इस अभियान का उद्देश्य आईएसएस में चार प्रतिस्थापन अंतरिक्ष यात्रियों को भेजना था ताकि अमरीकी अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स की लंबे समय से वापसी को सुनिश्चित किया जाए। यात्रियों की वापसी में देरी के बावजूद, अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी—नासा ने आश्वासन दिया है कि दोनों अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित हैं।

....................